# हरियाणा में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% की कमी

## चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर 2023 को हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि वर्ष -2023 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% तक कमी दर्ज की गई है।

## प्रमुख बिंदु:

- बैठक में बताया गया कि डकैती संबंधी मामलों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 30% की गिरावट दर्ज की गई है।
- इसके साथ ही छीना झपटी संबंधी मामलों में 18.33% जबकि गंभीर चोट संबंधी मामलों में 8% की गिरावट दर्ज की गई है।
- बैठक में बताया गया कि धारा 498 ए के तहत सभी तथ्यों की जांच पड़ताल करने उपरांत ही मुकदमा दर्ज किया जायेगा|
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि लोगों को साइबर अपराध से बचाव संबंधी जागरूकता के लिए बल्क एसएमएस सर्विस शुरू की जाएगी।
- पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-152 डी, एनएच -44 तथा एनएच -9 पर लेन ड्राइविंग की पालना सुनिश्चित करें।
- पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 1 से 13 दिसंबर तक लेन ड्राइविंग को लेकर 6000 वाहनों के चालान किए गए है।
- इस बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने ग्राम प्रहरी योजना की भी समीक्षा की।






PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12-reduction-in-crime-against-women-in-haryana